# वीयू– मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन




आज दिनांक 31 अक्टूबर 2025 को नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर मनदीप शर्मा जी के आदेश अनुसार मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर में लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के  अधिष्ठाता डॉ एस के महाजन रहे। अपने उद्‌बोधन मे डॉ महाजन ने संबोधित होते करते हुए बताया सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती हम राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाते हैं जो हमें उनकी अटूट देशभक्ति और राष्ट्र के प्रति उनके अमूल्य योगदान की याद दिलाता है उन्होंने कहा कि हमें सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए की विविधता में ही एकता हमारे देश की सबसे बड़ी शक्ति है। साथ ही  विद्यार्थियों से समाज और राष्ट्र की उन्नति में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की राशि रजक, शिविका एवं निलांचल ने भी राष्ट्रीय एकता दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में डॉ. माधुरी शर्मा, डॉ. सोना दुबे, डॉ. प्रीती मिश्रा, शिव मोहन सिंह, सत्येंद्र कटरा प्रियंका गौतम तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक छात्र–छात्राए उपस्थित रहे।




कार्यक्रम के अंत में अधिष्ठाता महोदय, सभी प्राध्यापकों, शिक्षकगणों तथा विद्यार्थियों को कार्यक्रम की सफलता में उनके सहयोग और सहभागिता के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया गया। कार्यक्रम के रूपरेखा महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ सोना दुबे द्वारा बनाई गई। मंच संचालन छात्र प्रबल अवस्थी द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर